तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 जनवरी 2025



12 नवागांव बी में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती





10 जेएन मेडिकल कालेज को मिले डेढ़ दर्जन चिकित्सा...






## खबर संक्षेप

### ग्राम पटेल संघ की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पटेल संघ की आवश्यक बैठक 4 जनवरी को मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण डौंडीलोहारा में रखी गई है। देवरीबंगला व डौंडीलोहारा तहसील की बैठक संयुक्त रूप से होगी। कार्यकारिणी सदस्य इंद्र कुमार भंडारी ने सभी ग्राम पटेलों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### मार्री बंगला में पेंशनरों की बैठक 6 को

**देवरी बंगला।** सामुदायिक भवन मार्री बंगला में 6 जनवरी को मध्यान्ह 12 बजे पेंशनरों की बैठक रखी गई है।मार्री बंगला (देवरी) पेंशनर्स समाज के सचिव शांता प्रसाद मोहन माला ने पेंशनरों को नियत तिथि और समय पर उपस्थित होने को कहा है।

### कुलिया में कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**गुरूर।** ग्राम कुलिया में 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 व तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है।

### बेलोदी में मड़ई-मेला 7 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम बेलोदी में मड़ई-मेला 7 जनवरी को रखा गया है। उपसरपंच शेष नारायण साहू ने बताया कि गांव वालों के मनोरंजन के लिए अकाश गंगा नाच पार्टी का आयोजन किया गया है। वहीं, 8 व 9 जनवरी को मानस उत्सव अमृत महोत्सव रखा गया है।

### स्नातक कक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म 10 तक

**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में 2025 वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन के बाद हार्डकॉपी आवश्यक दस्तावेज के साथ महाविद्यालय में जमा करना होगा।

### राजपूत क्षत्रिय नाहंदा परिक्षेत्र स्तरीय सम्मेलन 5 को

**देवरी बंगला।** राजपूत क्षत्रिय समाज (राहटादाह) का नाहंदा परिक्षेत्र स्तरीय सम्मेलन नाहंदा के बाजार चौक में 5 जनवरी को रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संध्या भारद्वाज जिला पंचायत उपाध्यक्ष होंगी, अध्यक्षता ठाकुर लोकेंद्र सिंह भुवाल अध्यक्ष उप समिति राजनांदगांव करेंगे। संयोजक एवं सह संयोजक के रूप में ठाकुर लालेंद्र सिंह भारद्वाज नाहंदा, ठाकुर राकेश सिंह बिनोद भी उपस्थित रहेंगे। सरपंच संतराम तारम, एवं गुरवेंद्र सिंह विनोद वार्ड पंच ने बताया कि सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि ठाकुर उजियार सिंह, ठाकुर टामन सिंह पवार, ठाकुर देवी सिंह भारद्वाज के साथ ही अन्य समाज प्रमुख होंगे।

---

**जागरूकता**

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन यातायात जागरूकता रथ को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

# यातायात नियमों की जानकारी देने व पालन कराने सड़क पर उतरी पुलिस, समझाइश के साथ सख्ती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस यातायात जागरूकता रथ को पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से भर्रीटोला थाना डौण्डी के साप्ताहिक बाजार में पाम्पलेट वितरण कर आम जनों को यातायात के नियमों से जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के साथ–साथ 22 लापरवाह वाहन चालकों पर 18600 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई।

■ शराब पीकर व तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने की दी समझाइश

जिले में 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। 2 जनवरी को पुलिस अधीक्षक बालोद ने यातायात जागरूकता रथ को यातायात कार्यालय बालोद के सामने से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर मेला-मड़ई, साप्ताहिक बाजार, स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य संस्थानों में जाकर यातायात जागरूकता के कार्यक्रम चलाया जाएगा।








### लगातार जारी रहेगा वाहन जांच अभियान

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान मेला मड़ई में जागरूकता कार्यक्रम, समझाईश अभियान एवं वाहन जांच अभियान बालोद पुलिस द्वारा लगातार चलाया जाएगा। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं। इसके साथ ही वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखने की समझाइश दी गई।

### साप्ताहिक बाजार में किया गया पांप्लेट वितरण

यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान 02 जनवरी को यातायात जागरूकता रथ भर्रीटोला थाना डौण्डी के साप्ताहिक बाजार पहुंचकर आम जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन करने के साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित करने की समझाइश दी गई।

### 2 स्कूल वाहन के साथ 22 पर कार्रवाई, 18600 रूपए का काटा गया चालान

यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ लापरवाह वाहनों चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। 2 जनवरी को बिना फिटनेस, बिना बीमा एवं बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित होने वाले प्रायवेट स्कूल के 2 स्कूली वैन पर 5800–5800रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल लापरवाह 22 वाहन चालकों के विरूद्व कार्यवाही कर 18600 रूपए वसूल किया गया है।

---

# तांदुला नदी के पास बड़ी संख्या में संचालित हो रहे लाल ईंट के अवैध भट्ठे, लोग हलाकान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय अंतर्गत तांदुला नदी के समीप अनेक अवैध लाल ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है। जहाँ प्रशासन के नियम विरुद्ध लाल ईंट बनाने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।

■ धुएं, राख और भूसे के कारण लोगों को हो रही समस्या

जिसके कारण बालोद शहर के रहवासियों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण के लिए बहुत ही ज्यादा हानिकारक साबित हो रहा है। जहाँ राहगीरों को आए दिन ईंट भट्टों की काले धुएं के साथ ही काली धूल और धान के भूसे का सामना रोजाना करना पड़ता है। इससे लोगों की आँखों में आँसू आना, सूजन की समस्या हो रही है। बालोद शहर से लगे रहवासी इलाकों में इन दिनों ईंट भट्टों का संचालन प्रशासन के नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है, इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस पर कार्यवाही नहीं की जा रही है, जो तांदुला नदी के तट की मिट्टी का खनन कर उपयोग कर रहे हैं।

### प्रशासन के नियमों का पालन नहीं

जिला मुख्यालय स्थित तांदुला नदी के तट पर अवैध ईंट भट्टों के कारण तांदुला नदी का अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है, इसके बाद भी प्रशासन इसके तांदुला नदी के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जहाँ पर खनिज और पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बालोद की मुख्य सड़कों के नजदीक ही ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है, जहाँ रखे धान के भूसे, काली राख हवाओं के माध्यम से उड़ककर राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों की आँखों में जाकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं।


### नदी में डाल देते हैं भट्टों से निकला मलबा

जिले में न सिर्फ जिला मुख्यालय में तांदुला नदी के किनारे ईट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है बल्कि तांदुला नदी से लगे लगभग प्रत्येक गांव की अलग अलग जगहों पर आसानी से ईंट भट्ठों का संचालन होता देखा जा सकता है, जो बरसात खत्म होते ही अपने काम में तेजी पकड़ते हैं और अगली बरसात तक धड़ल्ले से ईंट निर्माण करते हैं। इस दौरान ईंट भट्ठों से निकला मलबा तांदुला नदी में ही डाल देते हैं, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है।

### दूध दूह रहे चरवाहे पर गिरी गाय, इलाज के दौरान मौत

**बालोद।** ग्राम देवारभाट निवासी धर्मेन्द्र यादव 50 वर्ष अपनी गाय का दूध दूह रहा था। इस दौरान गाय का संतुलन बिगड़ गया और वह धर्मेंद्र पर गिर गई, जिससे उनके शरीर के कई जगहों पर चोट लगी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बता दें कि ग्राम देवारभाट निवासी धर्मेन्द्र यादव 50 वर्ष ग्राम पाकुरभाट में चरवाहा के रूप में कार्य करता था। वह अपने घर में भी बहुत सी गायों का पालन करता था। बुधवार को वह अपने घर की एक गाय को दूह रहा था। दूध दुहने के दौरान उसने गाय के पीछे के दोनों पैरों को बांध दिया था। इस बीच गाय का संतुलन बिगड़ गया और वह दूध दुह रहे धर्मेन्द्र पर ही गिर गई। इससे धर्मेंद्र पास में ही गड़ाए गए खूंटे से जा टकराया, जिससे उसके गले के साथ अन्य जगहों पर चोटें आईं। परिजन उन्हें डॉक्टर के पास ले गए, जिसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक दिन बाद गुरूवार को उनकी मौत हो गई।

### छाने लगा कोहरा, कंपकंपाने लगी ठंड...



**बालोद।** जिलेवासियों को कड़कती ठंड का एहसास नए वर्ष के अवसर पर हो रहा है। शाम होते ही लोग शॉल ओढ़े, स्वेटर पहने, अंगीठी जलाकर ठंड दूर करने के जुगाड़ में लग जाते हैं। वहीं, सुबह कड़कती ठंड लोगों को रजाई से बाहर निकलने पर सोचने को मजबूर कर देती है। यह तस्वीर ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी की है, जहां नदी में कोहरा छाया रहा। दूर से देखने पर लगता है, जैसे पेड़ पहाड़ का रूप लेकर बादलों को अपनी बाहों में समेट लिया हो। नदी में हल्की धाराएं बह रही हैं तथा पेड़ के पीछे से निकलकर सूर्य देवता लोगों को प्रात: दर्शन दे रहे हों।

# लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

डॉ. कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण, एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र शासन की



महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016–23 तक स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण, निर्माणाधीन आवासों तथा द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त पूर्णता हेतु लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले को आबंटित नवीन लक्ष्य के विरूद्ध में आवास स्वीकृति एवं प्रथम किश्त हेतु राशि अंतरण की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम किश्त प्राप्त हितग्राहियों से मुलाकात कर एवं जनसामान्य में योजना के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कर हितग्राहियों को आवास निर्माण के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान करने को कहा। बैठक में उप–संचालक पंचायत आकाश सोनी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

### ग्राम पेरपार में एनएसएस का 7 दिवसीय शिविर आज से

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर 3 से 9 जनवरी तक मेरा युवा भारत व डिजिटल साक्षरता थीम के तहत ग्राम पेरपार में आयोजित किया गया है। शिविर में 46 स्वयं सेवक भाग लेंगे। शिविर उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पेरपार संजुलता हीरा राजपूत होंगी, अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर केआर. कोवाची करेंगे। विशेष अतिथि सेवा निवृत शिक्षक राज्यपाल पुरस्कृत तामेश्वर साहू, एचके भोजवानी, परमानंद पटेल, हुकुम चन्द पटेल, अर्जुन सिंह, चिंताराम धुरव, अंगेश्वर साहू, कांति पटेल, गिरजा पटेल, मुकेश कुमार ओटी व पंच एमन साहू, दूरपति सर्वे, झरियार पटेल, मीनू गेडाम, रमोतिन सर्वे, संतोषी पटेल होंगी।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➡ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➡ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➡ एक्स-रे टेक्निशियन
सीमित सीटे
गर्वमेन्ट जॉब हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.–7880102604
चिखली, पोस्ट–जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला–दुर्ग (छ.ग.)


**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूर्यवंशी ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

# टीबी के लक्षण वाले मरीजों की जांच एक्सरे एवं नाट मशीन से अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी की अध्यक्षता में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 31 दिसंबर 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान का सफलतापूर्वक शतप्रतिशत संचालन



के लिए विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्य को समय सीमा पर पूरा करने व अभियान के दौरान टीबी के लक्षण वाले मरीजों का अनिवार्य रूप से एक्सरे एवं नाट मशीन द्वारा जांच कराने को कहा गया। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी ने एनक्यूएएस संबंधी जानकारी, आईएचआईपी ऑनलाइन एंट्री, वयोवृद्ध सेवाओं की जानकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य मेला एवं जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह, सहायक नोडल अधिकारी संदीप मेश्राम, जिला सलाहकार अरविंद मिश्रा, जिला समन्वयक सत्येंद्र साहू उपस्थित थे।

### पेंशनर समाज की बैठक 6 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई की नियमित बैठक नये पेंशनर भवन डौंडीलोहारा में 6 जनवरी को आयोजित की गई है। बैठक में 17 दिसंबर को रायपुर एवं 20 दिसंबर को गुंडरदेही में मनाये गये पेंशनर्स दिवस एवं सदस्यता शुल्क से प्राप्त राशि के आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। इस दिन नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। उसके बाद समाज को विभिन्न सामग्री प्रदाय करने वाले दान दाताओं एवं नये सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। त्रैमासिक पत्रिका पेंशनर्स चिंता का भी सदस्यता ग्रहण कराना सुनिश्चित किया गया है। अध्यक्ष सियाराम सार्वा ने तहसील के सभी पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।


पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### टीबी संदिग्धों की जांच फूड बास्केट भी वितरित

**रायपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनपुरी में निक्षय निरामय अभियान के तहत टीबी संक्रमितों की पहचान के लिए लोगों की जांच की गई। इस दौरान पंजीकृत मरीजों को उपचार अवधि के लिए प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों वाला फूड बास्केट में दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर वहां विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 115 लोगों की एक्स रे एवं बलगम जांच की गई। साथ ही निक्षय मित्र के माध्यम से 54 टीवी संक्रमितों को अतिरिक्त पोषण आहार दिया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमीत सिंह गांधी एवं डॉ शेखर चेपे ने लोगों को टीबी एवं कुष्ठ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि उपचार, जन-जागरूकता एवं समाज की भागीदारी इन्हें जड़ से मिटाया जा सकता हैं। शिविर में मितानीन, ट्रेनर एवं स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ मौजूद थे।

### महाराष्ट्र मंडल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति ने बीती रात शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूमकर जरूरतमंदों के बीच बड़े पैमाने पर कंबल वितरित किया। इससे पहले भी 17 दिसंबर को मंडल अध्यक्ष अजय काले व सचिव चेतन दंडवते के नेतृत्व में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल के पीछे कैंसर भवन में सैकडों लोगों को कंबल ओढ़या गया था। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि महाराष्ट्र के युवाओं की टोली ने रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल, शास्त्री चौक, आकाशवाणी चौक मां काली मंदिर, बूढ़ापारा गार्डन, लाखेनगर चौक और एम्स परिसर में बड़े पैमाने पर कंबल का वितरण किया। इस संदर्भ में तिथि की घोषणा अतिशीघ्र की जाएगी। कंबल वितरण करने वालों में मंडल के सहसचिव सुकृत गनोदवाले, युवा प्रमुख शुचिता देशमुख, सहप्रमुख रीना बाबर, शिल्पा राखुंडे, शचींद्र देशमुख, तन्मय बक्षी, रितेश बाबर, विनोद राखुंडे शामिल रहे।

### साइबर क्राइम जागरूकता अभियान पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए राजधानी के सभी स्कूलों में कैंप लगाकर साइबर क्राइम जागरूकता अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान में छात्र-छात्राओं को सभी तरह के साइबर क्राइम से बचाने, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी के माध्यम से जागरूक कर ठगी से बचने और साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का एक पोस्टर जारी किया गया है जिसका विमोचन रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरीश कुमार मिश्रा ने किया और कहा कि छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज का यह अभियान सराहनीय है, छत्तीसगढ़ पुलिस आपके इस अभियान में आपके साथ है।

# नवा रायपुर में बसाहट बढ़ाने नियमों का सरलीकरण, सरकार का महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर नवा रायपुर अटल नगर के लेयर 2 में एकीकृत उपनगर के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मौजूदा नियमों को अधिक सरल और व्यावहारिक बनाया गया है। यह कदम क्षेत्र में बसाहट और निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह बदलाव सुनिश्चित करेगा कि इन आवश्यक सुविधाओं का विकास उपनगर के भीतर अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। सुधारों का मुख्य उद्देश्य नवा रायपुर अटल नगर के लेयर 2 में एकीकृत उपनगरों के विकास को गति देना और क्षेत्र में बसाहट को बढ़ावा देना है। यह कदम नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने और क्षेत्र को एक आदर्श शहरी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## आदर्श शहरी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

- यह कदम क्षेत्र में बसाहट और निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया
- एक आदर्श शहरी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है



### ईडब्ल्यूएस के प्रावधानों में सुधार

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) संबंधित प्रावधान को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिसूचना/नियमों के अनुरूप करते हुए संबंधित प्रावधानों में सुधार किया गया है, ताकि इन नियमों में एकरूपता लाई जा सके। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत उपनगरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को अनिवार्य किया गया है।

### न्यूनतम 50 प्रतिशत क्षेत्र होगा आवासीय



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, सामाजिक सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिक भवन, और धार्मिक स्थलों के लिए आरक्षित क्षेत्र को न्यूनतम 5 प्रतिशत किया गया है, जो पहले अधिकतम 5 प्रतिशत था। इसके अलावा आवासीय गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए, पूर्व में निर्धारित अधिकतम 50 प्रतिशत क्षेत्र को बदल कर अब न्यूनतम 50 प्रतिशत क्षेत्र को आवासीय उपयोग के लिए अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के तहत 10 प्रतिशत क्षेत्र को खुली जगहों जैसे गार्डन और खेल के मैदानों के लिए आरक्षित रखने का प्रावधान किया गया है। इससे आमजन के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी और लोगों को आवास की बेहतर सुविधा मिलेगी।

## संविदा नियुक्ति आदेश जारी, विभिन्न विभागों में पदस्थ किए गए

# जेएन मेडिकल कालेज को मिले डेढ़ दर्जन चिकित्सा शिक्षक, मरीजों की उपचार सुविधा में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सबसे बड़े सरकारी अस्पताल और शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में नए साल के पहले दिन डेढ़ दर्जन चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शासन द्वारा इनकी संविदा नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। विभिन्न विभागों में पदस्थ किए गए इन चिकित्सा शिक्षकों की मदद से आंबेडकर अस्पताल के मरीजों की उपचार सुविधा और बेहतर होगी।

दिसंबर में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में दो सौ से अधिक विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया गया था। इसमें विभिन्न विभाग के सहायक प्राध्यापक सहित अन्य पद थे। इंटरव्यू के दौरान यह दावा किया गया था कि जितने आवेदन आए हैं, उतनी भर्ती के बाद कालेज में फैकल्टी और अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर कर ली जाएगी। नए साल में यहां 18 चिकित्सा शिक्षकों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। इनकी ज्वाइनिंग के बाद कालेज में चिकित्सा शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी और भविष्य में यूजी और पीजी की सीट बढ़ने की संभावना बढ़ जाएगी। इसके साथ ही आंबेडकर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी की वजह से जांच और उपचार के लिए मरीजों के इंतजार की अवधि में कमी आएगी। दावा किया जा रहा है कि पहली बार मेडिकल कालेज रायपुर में एक साथ बड़ी संख्या में चिकित्सा शिक्षकों को संविदा नियुक्ति दी गई है।

हरिभूमि सरोकार






### दस गनमैन, 12 सुरक्षा गार्ड बढ़ाए गए

आंबेडकर अस्पताल और मेडिकल कालेज की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए यहां सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाई गई है। 12 सुरक्षा गार्ड के साथ यहां दस गनमैन की भर्ती भी की गई है जो कालेज और अस्पताल में होने वाले किसी भी आपात व्यवस्था से निपटने को तैयार है। सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने की मांग काफी समय से उठ रही थी, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सहमति जताई गई थी।

### इनकी हुई नियुक्ति

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में सहायक प्राध्यापक डॉ. रूमी कुमार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. हर्षिता भाटिया को रेडिएशन अंकोलॉजी, डॉ. कमलकांत साहू को फॉरेंसिक मेडिसिन, डॉ. स्निग्धा कुमारी (कार्डियक निश्चेतना) को सीटीव्हीएस विभाग, डॉ. रचना रिची पांडेय एवं डॉ. अविनाश बंजारे को (अंको निश्चेतना) रेडियोथेरेपी विभाग, डॉ. श्रूती तूरकर (एनेस्थिसिया) क्रिटिकल केयर में पदस्थ किया गया है। सीनियर रेजिडेंट डॉ. संध्या वर्मा एवं डॉ. रेबिना यादव पैथोलॉजी विभाग, डॉ. प्रिंशी चौधरी एवं डॉ. पियूषी साव नेत्र रोग, डॉ. सुरभि चौबे एवं डॉ. पारूल राठी ईएनटी, डॉ. शुभांगन मिश्रा प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ. नील पसरीजा अस्थि रोग में नियुक्ति दी गई है। रजिस्ट्रार विनय मिश्रा एवं अंजुम मिश्रा मेडिकल फिजिक्स, अनुराग संचय कालकुलेवर को चिकित्सा शिक्षक के रूप में संविदा नियुक्ति दी गई है।

### परफ्यूजनिस्ट का आदेश जल्द

एसीआई के कार्डियो वैस्कुलर एवं थोरेसिक विभाग में बाइपास सर्जरी शुरू कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर तीन परफ्युजनिस्ट एवं तीन फिजिशियन असिस्टेंट की संविदा आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा मरीजों की सुविधा और सफाई के पुख्ता इंतजाम के लिए आंबेडकर अस्पताल में 57 वार्ड ब्वाय एवं 17 स्वीपर सहित कुल 74 सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गयी है।

# 11 आईपीएस के तबादले, साल बदला पर नहीं बदला हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गृह विभाग ने नए साल पर 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश नए साल के पहले दिन में जारी किए हैं। खास बात ये है कि कुछ अधिकारी जो पहले ही पुलिस मुख्यालय में पदस्थ थे, उन्हें वहीं रखते हुए नई पदस्थापना दी गई है। जानकारों का कहना है कि इस सूची में शामिल ज्यादातर अधिकारियों के लिए साल बदला है, लेकिन पदस्थापना के मामले में उनका हाल नहीं बदला है।

खास बात ये है कि पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, स्तर के अधिकारियों को उसी तरह के प्रभार दिए गए हैं जैसे कि उनके पास पहले ही थे। सहायक पुलिस महानिरीक्षक के रूप में पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में सेवाएं दे रहे दो अधिकारियों समेत रेल एसपी रहे एक अधिकारी को अब छस बल में सेनानी बनाया गया है। राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले एवं नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। ध्रुव गुप्ता को पुलिस महानिरीक्षक एसआईबी पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। अभिषेक पल्लव को पुलिस अधीक्षक राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी में पदस्थ किया गया है। अभिषेक शांडिल्य डीआईजी पुलिस




मुख्यालय नवा रायपुर को डीआईजी कानून व्यवस्था विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। गिरिजाशंकर डीआईजी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को डीआईडी तकनीकी सेवा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, सुजीत कुमार डीआईजी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को डीआईजी ट्रेनिंग पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, अभिषेक मीना डीआईजी पुलिस मुख्यालय को डीआईडी दूरसंचार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, संतोष सिंह एआईजी पुलिस मुख्यालय को एआईजी सीसीटीएनएस, एनसीआरबी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, राजेश अग्रवाल एआईजी पुलिस मुख्यालय को सेनानी वीआईपी सुरक्षा माना रायपुर, लक्ष्य शर्मा एआईजी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को सेनानी पांचवी वाहिनी छसबल जगदलपुर, झाड़ूराम ठाकुर पुलिस अधीक्षक रेल को सेनानी 22 वी वाहिनी छसबल कांकेर, उमेश चौधरी एआईजी पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को सेनानी 15 वी वाहिनी छसबल बीजापुर बनाया गया है।

# दुग्गा सरगुजा आयुक्त ममगाई नारायणपुर कलेक्टर सिंह पीएससी के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- आईएएस अधिकारियों के तबादले व नई पदस्थापना

राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए गए हैं। नरेंद्र कुमार दुग्गा सचिव आदिम जाति विकास विभाग को आयुक्त सरगुजा संभाग बनाया गया है। इसी क्रम में अभिजीत सिंह को लोक सेवा आयोग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे।

पूर्व में यह प्रभार पुष्पेंद कुमार मीणा के पास था, अब वे इस प्रभार से मुक्त होंगे। सुश्री अलरमेल मंगई डी को उनके वर्तमान प्रभार के साथ सचिव वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

प्रतिष्ठा ममगई को कलेक्टर नारायणपुर बनाया गया है। वे पूर्व में सीईओ जिला पंचायत बस्तर के रूप में सेवाएं दे रहीं थीं। मंत्रालय में सचिव के रूप में पदस्थ नीलम नामदेव एक्का को राज्य सूचना आयोग का सचिव बनाया गया है।

### एल्मा को अतिरिक्त प्रभार, प्रतीक सीईओ जिपं बस्तर

पदुम सिंह एल्मा आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रबंध संचालक अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक जैन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर के पद पर पदस्थ किया गया है। इससे पहले श्री जैन अपर आयुक्त जीएसटी तथा सीईओ आरडीए के अतिरिक्त प्रभार पर कार्यरत थे।

# निकायों के ऑडिट में 711 करोड़ की ढाई सौ आपत्तियां 15 दिनों में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विधानसभा पटल पर पेश हो चुकी है ऑडिट रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ के नगर निगमों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के ऑडिट में 250 से अधिक आपत्तियां सामने आई हैं। इन आपत्तियों में करीब 711 करोड़ की राशि शामिल है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में संबंधित निकायों के प्रमुखों के पत्र भेजकर करहा है कि उनके निकाय संबंधी आपत्तियों का वर्षवार प्रतिवेदन तैयार कर संपूर्ण आवश्यक दस्तावेज के साथ 15 दिनों में जानकारी भेजें। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा इन आपत्तियों के संबंध में वार्षिक प्रतिवेदन जुलाई में विधानसभा पटल पर पेश किया जा चुका है।

### ढाई सौ से ज्यादा आपत्तियां

छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा हर साल स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, अनुदान प्राप्त एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं का ऑडिट किया जाता है। इस क्रम में 2022-23 में हुए वित्तीय संव्यवहारों के ऑडिट के बाद संपरीक्षा विभाग के वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 को जुलाई 2024 में विधानसभा पटल पर रखा जा चुका है। प्रतिवेदन में पूर्व वर्षों सहित 250 आपत्तियां हैं, जो 711 करोड़ से अधिक की हैं। निकायों से कहा गया है कि प्रतिवेदन में शामिल आपत्तियों की जानकारी समय सीमा में विधानसभा को प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विभागीय सचिव का साक्ष्य संभावित है। इसलिए 15 दिनों के भीतर आपत्तियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं।

*इन निकायों की है ऑडिट आपत्ति : राज्य के जिन निकायों में ऑडिट आपत्तियां सामने आईं है उनमें नगर निगम बीरगांव, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई और राजनांदगांव, पालिका और नगर पंचायतों में आरंग, गोबरा नवापारा, रतनपुर, तखतपुर, जांजगीर, सारंगढ़, मनेंद्रगढ़, सूरजपुर, अहिवारा, कुम्हारी, जामुल, बेमेतरा, भाटापारा, महासमुंद, पंडरिया, बालोद, खरोरा, देवकर, मल्हार, बोदरी, बलोदा, डभरा, चंद्रपुर, बरमकेला, लखनपुर, नई लेदरी, सहसपुर लोहारा, कोंटा और साजा शामिल हैं।*

# पीडीएस भंडार केंद्रों में खाद्य विभाग का औचक निरीक्षण, दो जगहों से लिए गए चावल के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने बंजारी और ग्राम मनोरा स्थित भंडार निगम केंद्र का किया निरीक्षण

खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को नागरिक आपूर्ति भंडार निगम के दो केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन केंद्रों में भंडारण चावल की मात्रा के साथ चावल की क्वालिटी को भी परखा गया। इस जांच के दौरान दोनों केंद्रों से चावल के सैंपल भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजे गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम में वित्तीय वर्ष 2023-24 का अब तक करीब 5 हजार मीट्रिक टन चावल मिलरों ने जमा नहीं किया है। मिलरों को शेष चावल जमा करने के लिए 31 जनवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद शेष बचे चावल को वापस नहीं लेकर उसके एवज में मिलरों की जमा गारंटी राशि जब्त की जाएगी।

जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने बंजारी और ग्राम मनोरा स्थित भंडार निगम केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने चावल की मात्रा से लेकर चावल की क्वालिटी को परखा। टीम ने दोनों निगम केंद्र में भंडारण किए गए चावल के सैंपल भी लिए, जिसे जांच के लिए भेजा है।



### एफसीआई का 75 मीट्रिक चावल जमा करना बाकी

विभागीय अधिकारी के अनुसार भारतीय खाद्य निगम केंद्र में भी पिछले वर्ष का करीब 75 मीट्रिक टन चावल जमा नहीं हो पाया है। इसे जमा करने के लिए भी लगातार मिलरों पर दबाव बनाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम इन भंडार केंद्रों में रखे चावल की क्वालिटी की भी जांच कर रही है। अधिकारी का कहना है कि जांच में अगर चावल की क्वालिटी सही नहीं पाई गई है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस के कृत्यों की सजा भुगत रहे हैं प्रदेश के हजारों युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- भाजपा सरकार से अनुरोध कर शीघ्र हाई पावर कमेटी के गठन का प्रयास करेगी- श्रीवास्तव

भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 2900 बीएड शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त किए जाने के फैसले से उनके भविष्य पर उठे सवाल पर भाजपा संवेदनशील है और उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए यथासंभव सारे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कृत्यों की सजा बीएड शिक्षक भुगत रहे हैं।

उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने लापरवाही पूर्वक इन शिक्षक के भर्ती नियमों में ध्यान नहीं दिया और सिर्फ अपनी राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति और अपने नेता राहुल गांधी के सामने वाहवाही लूटने देर से नियुक्ति पत्र जारी किया। पूर्ववर्ती सरकार अगर उस समय पर व्यवस्थित ढंग से इन शिक्षकों का पक्ष न्यायालय के सामने रखती, तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। अगस्त 2023 में हाईकोर्ट ने बीएड वालों की काउंसिलिंग पर रोक लगाई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें राहत दी थी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार और उसके बाद नियमों की अनदेखी का परिणाम आज बीएड शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है।

### सभी शिक्षकों का समायोजन दूसरे पदों पर करें- कांग्रेस



सरकार द्वारा बीएड डीग्रीधारी 2897 शिक्षकों की बर्खास्तगी पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह अविवेकपूर्ण और तानाशाही रवैया है। इन शिक्षकों की बर्खास्तगी साय सरकार का असंवेदनशील और अमानवीय कदम है। सरकार चाहती तो इन शिक्षकों की नौकरियां बचाई जा सकती हैं। हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि इन शिक्षकों की फिर से बहाली की जाए।

## टाटीबंद तथा वीआईपी रोड में देर शाम लगा वाहनों का काफिला

# नए साल के उत्साह में मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बीते साल की विदाई के बाद नए साल का उत्साह मनाने के बाद मंदिरों में दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के कारण टाटीबंध तथा वीआईपी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

नए साल में हजारों की संख्या में लोग वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर तथा टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे। इसके कारण दोनों मार्गों में जाम की स्थिति निर्मित हुई। नए साल में राजधानी के दोनों मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की आकलन ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही लगा लिया था। इसके कारण इन दोनों मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए थे। इसके साथ ही टाटीबंध तथा वीआईपी रोड में संबंधित थानों की पुलिस तैनात की गई थी। बावजूद इसके लोगों की इतनी भीड़ हो गई कि पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस के जवानों को भीड़ कंट्रोल करने मशक्कत करनी पड़ी।



### शाम छह से आठ बजे तक भारी भीड़

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार राम मंदिर, इस्कॉन मंदिर के साथ हटकेश्वर महादेव के दर्शन करने जाने वालों की सुबह से भीड़ थी। दोपहर में भीड़ जरूर थोड़ी कम हुई। शाम चार बजे के बाद इस्कॉन के साथ राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई। शाम छह से रात आठ बजे के बीच इन दोनों मंदिरों में 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। इसके कारण शाम के समय टाटीबंध तथा तेलीबांधा मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हुई।

## खबर संक्षेप

### स्वामी मैथिलीशरण महाराज आज से करेंगे प्रवचन



रायपुर। श्री रामचरित मानस प्रसंग पर प्रवचन के लिए रामकिंकर विचार मिशन के मैथिलीशरण महाराज बुधवार को रायपुर पहुंचे और 3 जनवरी से उनका प्रवचन शाम से प्रारंभ होगा। यह जानकारी रामकिंकर विचार मंच के पुरुषोत्तम सिंघानिया, डा. नवनीत जैन और भारत भूषण गुप्ता ने देते हुए बताया कि इस बार मैथिलीशरण महाराज रामचरित्र मानस के गूढ़तम प्रसंगों में से एक मां सीताजी के दिव्य स्वरूप, अद्वैतरूपी शक्ति स्वरूपा के प्रसंग पर प्रवचन करेंगे। प्रवचन शाम 7 से 8.30 बजे तक 3 से 10 जनवरी तक प्रतिदिन 7 बजे से महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय समता कालोनी में होगा। प्रवचन से पूर्व संध्या 6.30 से 7 बजे तक मिथिला एवं चित्रकूट से आए गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति होगी।

### शिवसेना शिंदे गुट ने नए एसपी का जताया आभार

रायपुर। शिवसेना जिला रायपुर इकाई के ज्ञापन के बाद सूखे नशे के दलालों पर की गई कार्रवाई के लिए शिवसेना शिंदे गुट ने नए एसपी लाल उमेंद सिंह से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिवसेना जिला प्रवक्ता संजय सोनकर ने बताया कि शिवसेना जिला रायपुर इकाई ने शहर के 7 थानों में ज्ञापन सौंपकर समस्त नशे के सौदागरों पर कार्रवाई की मांग की थी, जिसे पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए दलालों को जेल का रास्ता दिखाया। इसके लिए शिवसेना रायपुर जिला ने एसपी एवं समस्त थाना प्रभारी, पुलिस प्रशासन का प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश नेता आशीष परिडा, देवराज साहू, सोनू साहू, किशन साहू, तेजास्वत परिहार, किशन साहू सहित अन्य शिवसैनिकों ने आभार व्यक्त किया है।

### नववर्ष पर स्वरोजगार के लिए दिव्यांग रामभरोसा को मदद

रायपुर। नववर्ष के पहले ही दिन बुधवार को चरामेती फाउंडेशन ने दुर्घटना के कारण दिव्यांग हुए रामभरोसा निर्मलकर को नमकीन, पानी आदि के पाउच देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि, रामभरोसा की पत्नी भी दिव्यांग है एवं उनके बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रामभरोसा ने चरामेति फाउंडेशन के प्रति न केवल आभार व्यक्त किया अपितु इस लघु व्यवसाय को निरंतर जारी रखने की भी बात कही।

### राज्य के चावल निर्यातकों को मिलेगी मंडी शुल्क में छूट

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ के चावल उद्योग को प्रोत्साहित करने तथा राज्य से गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चावल निर्यातकों को मण्डी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णतः छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उन निर्यातकों को मिलेगी जो राज्य के राइस मिलर्स और मंडियों के माध्यम से खरीदे गए धान से तैयार गैर-बासमती चावल का निर्यात करेंगे। शुल्क में छूट देने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ से गैर बासमती चावल निर्यात को बढ़ावा देना और राज्य के किसानों तथा चावल मिलर्स को अधिक लाभ दिलाना है। सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़ के चावल उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

# नए साल में 130 परिवारों को मिली खुशियों की सौगात, गूंजी बच्चों की किलकारी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ष 2024 की विदाई और 2025 का स्वागत 130 परिवारों के घर खुशियों की सौगात लेकर आया। जश्न के इस माहौल में 48 घंटे के अलर्ट पर रहे आंबेडकर अस्पताल सहित आठ स्वास्थ्य केंद्रों में 130 बच्चों का जन्म हुआ। रात के वक्त आपात स्थिति में पहुंची कई महिलाओं का जोखिम लेकर प्रसव कराया गया। इन सरकारी अस्पताल की मदद से 73 बालक और 57 बालिकाओं का जन्म हुआ। पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत में मनाया गया जश्न समाप्त हो गया है, मगर जिले में रहने वाले 130 परिवारों के लिए यह समय हमेशा के लिए यादगार बन गया। इन दो दिनों के भीतर उनके घरों में बच्चों की किलकारी गूंजी है। नए साल के स्वागत उत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों का ध्यान रखते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए चिकित्सकीय स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा था। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल सहित ब्लाक के तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। ओपीडी के बाद आपात स्थिति में इन स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंची गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित तरीके से प्रसव कराया गया, जिससे उनके परिवार को नए साल की शुरुआत में यादगार उपहार मिला।

## अलर्ट मोड में रहे सरकारी अस्पताल, आपात स्थिति में कराए गए प्रसव

### चोटिल होकर भी पहुंचे लोग

नए साल के स्वागत का उत्सव मनाने के जोश में कुछ अप्रिय घटनाएं भी हुईं। मारपीट, एक्सीडेंट सहित अन्य घटनाओं में घायल होने पर लोग इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल और जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में पहुंचते रहे। इन मरीजों को उनकी चोट के अनुसार उपचार उपलब्ध कराया गया। दोनों अस्पतालों को मिलाकर चौबीस घंटे में करीब पचास लोग उपचार के लिए पहुंचे थे।



**सबसे ज्यादा आंबेडकर अस्पताल:** रायपुर जिले में सबसे ज्यादा डिलीवरी आंबेडकर अस्पताल में हुई। यहां 51 बच्चों का जन्म हुआ, जिला अस्पताल कालीबाड़ी में 18 डिलीवरी कराई गई। वहीं धरसींवा और अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 16-16 बच्चों का जन्म हुआ। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और बीरगांव में 9-9 प्रसव हुआ और आरंग में 6 तथा तिल्दा में 5 प्रसव कराया गया।

### अलर्ट रखा गया था

सभी स्वास्थ्य केंद्रों को आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार देने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। हिदायत दी गई थी कि किसी भी मरीज को इलाज के लिए दिक्कत नहीं होनी चाहिए।
- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ


## पुराने साल की विदाई नए साल के स्वागत में लोगों ने जमकर जाम छलकाए

# पियक्कड़ गटक गए 10 करोड़ की शराब चट कर गए दो लाख किलो चिकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत करने लोगों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शराब के साथ चिकन चट करने ज्यादा खर्च किए। 31 दिसंबर को रायपुर जिले में 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। इनमें सबसे ज्यादा विदेशी मदिरा की बिक्री हुई है। इसके साथ ही दो दिन में लोगों ने तीन करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का दो लाख किलो चिकन खा गए। पोल्ट्री एक्सपर्ट डॉ. मनोज शुक्ला के अनुसार साल का आखिरी दिन मंगलवार था। इस वजह से मंगलवार की जगह बुधवार को चिकन की बिक्री ज्यादा हुई है।

वर्ष 2023 में साल के अंतिम दिन आठ करोड़ रुपए के करीब शराब की बिक्री हुई थी। इस लिहाज से वर्ष 2024 के आखिरी दिन 15 से 20 प्रतिशत शराब की ज्यादा बिक्री हुई है। शराब में ज्यादा कमाई होने की एक वजह कीमतें बढ़ना है। शराब की कीमत ज्यादा होने की वजह से आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हुई है।



### 37 लोगों को मिला शराब पिलाने लाइसेंस

पुराने साल के अंतिम दिन शराब परोसने फार्म हाउस संचालकों के साथ कई निजी लोगों ने आबकारी विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। मापदंड में खरा उतरने वाले 37 लोगों को ही शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया। जिन लोगों को शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया, उनमें एक रिसोर्ट के साथ ज्यादातर होटल तथा रेस्टोरेंट संचालक हैं।

### दूसरे दिन जमकर काटी गई मुर्गियां

पोल्ट्री फार्म संचालक के मुताबिक दो दिन में पूरे प्रदेश में छह लाख किलो चिकन की बिक्री हुई है। उनमें 30 प्रतिशत अकेले रायपुर जिले में चिकन की बिक्री हुई है। चिकन से पोल्ट्री व्यवसाय को साढ़े तीन करोड़ रुपए मिले। पोल्ट्री फार्म संचालक के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस साल ज्यादा चिकन की बिक्री हुई है। बुधवार को ज्यादातर चिकन दुकानों में ग्राहकों की चिकन लेने लाइन लगी रही।

### बड़े आयोजन स्थलों पर ड्रोन से निगरानी

नए साल के स्वागत में बदमाश किसी तरह से विघ्न न कर सकें, इसके लिए पुलिस ने अपने स्तर पर अलग से व्यवस्था की थी। एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने बड़े कार्यक्रम स्थलों पर होने वाले आयोजनों की ड्रोन से निगरानी कराने की व्यवस्था की थी। साथ ही जिन जगहों पर बड़े आयोजन हो रहे थे, वहां सादी वर्दी में महिला के साथ पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### पुलिस ने ली राहत की सांस

*पुराने साल की विदाई तथा नए साल के स्वागत को लेकर किसी जगह से पुलिस को लड़ाई झगड़ा तथा विवाद होने की शिकायत नहीं मिली। साथ ही वीआईपी रोड सहित विधानसभा मार्ग सहित 24 स्थानों पर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों की निगरानी करने व्यवस्था की थी। इस वजह से लोग शराब पीकर वाहन चलाने से बचते नजर आए। किसी जगह आपस में विवाद होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने रिस्पांस टाइम में मौके पर पहुंचकर विवाद करने वालों को समझाइश देकर उन्हें लड़ने से रोका।*

### इस वजह से दिखा डर

*हर बार साल के आखिरी दिन विवाद होने के साथ मारपीट करने की घटनाएं सामने आती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस एक सप्ताह पहले से ही बदमाशों को एकत्रित कर उनकी क्लास लेने लगी थी। ऐसे ही बदमाशों की क्लास लेने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बदमाश उठक-बैठक कर रहे थे और आदतन बदमाश जो पुलिस कार्रवाई से नहीं डरते, ऐसे बदमाशों की पुलिस ने सार्वजनिक तौर पर सिंकाई की थी। इस वजह से भी बदमाश सहमे हुए थे और आपराधिक घटना को अंजाम देने से बचते नजर आए।*

## नववर्ष के पहले दिन कलेक्टोरेट में सन्नाटा

# कुछ विभागों के अधिकारी कर्मचारी अवकाश पर रहे कई हाजिरी देकर गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नववर्ष के पहले दिन कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में कामकाज नहीं हो पाए। इसके कारण इन विभागों के दफ्तरों के अंदर और बाहर दिनभर सन्नाटा सा पसरा रहा। कुछ विभागों के दफ्तरों में अधिकारी से लेकर कुछ कर्मचारी नववर्ष मनाने छुट्टियों पर गए हुए हैं, जिसके कारण इन दफ्तरों में विभाग से संबंधित कामकाज भी नहीं हो पाए। वहीं जिन दफ्तरों में अधिकारी के बिना कर्मचारी बैठे थे, उन दफ्तरों में भी कामकाज नहीं हो पाए। कुछ दफ्तर में अधिकारी के साथ कर्मचारी बैठे मिले, लेकिन इसके बाद भी वहां कामकाज की रफ्तार धीमी रही। नववर्ष का पहला दिन होने के कारण आम लोग भी अपना काम कराने बहुत कम संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे थे, जिसके कारण कलेक्टोरेट परिसर में भी दिनभर सन्नाटा सा पसरा रहा।

नववर्ष 2025 को सेलीब्रेट करने राजधानी रायपुर में 31 दिसंबर की रात को जगह-जगह जश्न मनाया गया, वहीं सुबह होते ही लोग अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं दोस्तों के साथ सैर-सपाटे एवं घूमने के लिए निकल पड़े। कई लोग नववर्ष को सेलीब्रेट करने प्रदेश के दूसरे जिले व राज्यों के धार्मिक व पर्यटक स्थलों में भी गए हुए हैं। कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी नववर्ष को सेलीब्रेट करने के लिए अवकाश पर गए हुए हैं।

### इन विभागों में कामकाज ठप रहा

कलेक्टोरेट में अंत्यावसायी विकास विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, समग्र शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग, भाड़ा नियंत्रक, ट्रेजरी विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, नजूल, राजस्व सहित अन्य कई विभागों में कहीं अधिकारी तो कहीं कर्मचारी अवकाश पर रहे। इसके कारण इन विभागों में कामकाज प्रभावित रहा।

## चलती गाड़ी से लाश फेंकने की आशंका

# नाले में संदिग्ध परिस्थिति में मिली किशोरी की लाश, शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई, धनेली नाला के पास एक नाली में बुधवार सुबह नौ बजे के करीब एक 15-16 साल की किशोरी की लाश मिली है। किशोरी की किसी अन्य जगह हत्या कर लाश चलती गाड़ी से फेंके जाने की आशंका पुलिस व्यक्त कर रही है। कमर के पास चोट के निशान देख पुलिस ने यह भी आशंका व्यक्त की है कि किसी चलती गाड़ी ने किशोरी को पीछे से टक्कर मारी होगी, जिससे उछलकर नाली में गिरी होगी और उसकी मौत हो गई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद किशोरी की मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मृतका की अब तक शिनाख्त नहीं पाई है।

नाली में जिस किशोरी की लाश मिली है और उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है, इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मृतका नाबालिग है, इस वजह से उसकी जल्द शिनाख्त होने की संभावना है। पुलिस घटना की एक्सीडेंट के साथ हत्या के एंगल से जांच कर रही है। किशोरी आसमानी रंग के कपड़े पहने हुई है। पुलिस के अनुसार आसपास के राहगीरों ने नाली में किशोरी की लाश देखी। इसके बाद उन लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।



### देर रात की घटना होने की आशंका

लाश की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आशंका व्यक्त की है, घटना देर रात की हो सकती है। पुलिस के अनुसार किशोरी की अगर हत्या की गई है, तो घटना स्थल किसी दूसरी जगह का है। हत्या करने के बाद बदमाश युवती को किसी गाड़ी में लाकर नाली में फेंककर भाग गए होंगे। नाले में फेंके जाने की वजह से भी कमर में चोट के निशान लगने की बात पुलिस कह रही है।

### गुमशुदगी की नजदीकी थानों में पतासाजी

किशोरी की शिनाख्ती के लिए पुलिस नजदीकी थानों के साथ पड़ोसी जिलों के थानों में किशोरी की फोटो भेज कर पतासाजी करने की बात कह रही है। इसके साथ ही हाल के दिनों में अलग-अलग थानों में दर्ज नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार किशोरी के साथ अब तक रेप जैसी घटना होने की पुष्टि नहीं हुई है। रेप की घटना हुई होगी, तो इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगी।

### निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने आयुक्त से की मुलाकात

रायपुर। नगर निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल से भेंट कर नववर्ष की बधाई दी। साथ ही अपने लंबित मांगों से उन्हें अवगत कराया। पदाधिकारियों ने संघ की प्रमुख मांग 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू करने, बीमार अधिकारी एवं कर्मचारियों के त्वरित इलाज के लिए कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान करने की मांग की। नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी एकता संघ ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की। आयुक्त ने नियम अनुसार पात्र अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने पर सहमति व्यक्त करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को आगे की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी, अमरनाथ साहू, प्रेमचंद दुबे, मानकु राम धीवर,मोहित जायसवाल, मनीष मरकाम, मनीष भोई, राजश्री श्रीवास, विनिता जायसवाल, माया बंछोर, प्रिया बसंती सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई की प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू, माशिम 10 से लेगा प्रैक्टिकल, सही अंक अपलोड करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं बुधवार से आरंभ हो गई। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 14 फरवरी तक प्रायोगिक कार्य पूर्ण करें। निजी स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षाओं के संदर्भ में पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। छात्रों के अंक अपलोड करने के निर्देश जारी करते हुए बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे परीक्षा की तिथि से ही सभी प्रैक्टिकल परीक्षा, प्रोजेक्ट और आंतरिक मूल्यांकन के अंक एक साथ अपलोड करें। आंतरिक और बाह्य परीक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सही अंक अपलोड किए जाएं। अंक देते समय उन्हें प्रत्येक घटक के लिए आवंटित अधिकतम अंकों को ध्यान में रखना होगा। आंतरिक और बाह्य परीक्षक दोनों को यह वचन देना होगा कि उनके द्वारा पोर्टल पर सही डेटा अपलोड किया गया है। प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक अपलोड करते समय त्रुटि की शिकायत आम है। इसलिए इस बार विशेष सावधानी रखी जा रही है। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रायोगिक परीक्षाएं सीबीएसई के 10 दिन पश्चात अर्थात 10 जनवरी से प्रारंभ होंगी। इसके लिए स्कूलों में तैयारी की जा रही है।

- 14 फरवरी तक चलेंगी सीबीएसई की प्रायोगिक परीक्षाएं

### 10वीं के लिए उत्तरपुस्तिकाएं नहीं

सीबीएसई कक्षा 10 के लिए बोर्ड द्वारा कोई बाहरी परीक्षक नियुक्त नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बोर्ड दसवीं कक्षा के लिए व्यावहारिक उत्तर पुस्तिकाएं भी उपलब्ध नहीं कराएगा। स्कूलों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स्वतंत्र रूप से करनी होंगी। प्रायोगिक परीक्षाएं, प्रोजेक्ट या आंतरिक मूल्यांकन पूरा होने के बाद छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं क्षेत्रीय कार्यालय में भेजने की जरूरत नहीं है। इसके उलट 12वीं कक्षा के लिए सीबीएसई प्रत्येक स्कूल में प्रायोगिक परीक्षा और प्रोजेक्ट मूल्यांकन के लिए बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति करेगा।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

# टॉप-10 जारी करने के लिए भी नहीं मिले छात्र, होम साइंस से लेकर भाषा विज्ञान, इतिहास तक में किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला सहित संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में से कई ऐसे हैं, जिसमें छात्रों को अधिक दिलचस्पी नहीं होती है। इनमें से कई पाठ्यक्रमों में सीटें किसी भी वर्ष पूर्ण रूप से नहीं भर पाती हैं। लेकिन इस वर्ष हालात ऐसे हो गए हैं कि रविवि को दस छात्र भी इन पाठ्यक्रमों में नहीं मिल सके हैं, जिससे वे टॉप-10 सूची जारी कर पाते। इसमें भाषा विज्ञान जैसे विषय भी शामिल हैं। रविवि द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट की दूसरी किस्त बुधवार को जारी की गई। इसके पूर्व दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में रविवि ने प्रथम मेरिट लिस्ट जारी की थी। मुख्य विषयों सहित अधिकतर विषय इस मेरिट लिस्ट में शामिल थे। शेष विषयों की प्रावीण्य सूची नववर्ष के प्रथम दिवस जारी कर दी गई है। पहली मेरिट लिस्ट की तरह द्वितीय मेरिट लिस्ट में भी शासकीय महाविद्यालय ही भारी पड़े हैं। जिन विषयों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है, उनमें कई ऐसे भी हैं जिनका संचालन सिर्फ विवि अध्ययनशाला में ही होता है। **71% में भी सर्वोच्च अंक :** कम विद्यार्थी होने के कारण शीर्ष-10 में जगह बनाने प्रतियोगिता भी कम रही। 71% अंक हासिल करके भी छात्रों ने टॉप किया है। एमएससी होम साइंस ह्यूमन डेव्लपमेंट में सर्वोच्च स्कोर 71.45% रहा। एमए रूरल डेव्लपमेंट में 74%, एमए भाषा विज्ञान में 71.12%, प्राचीन भारतीय इतिहास में 78.15%, एमए राजनीति विज्ञान में 77.47%, एमबीए में 76.5%, एमएसडब्ल्यू में 76.05% सर्वोच्च स्कोर रहा। एमएससी कंप्यूटर साइंस में टॉपर को 83.86% मिले हैं। इसी तरह से एमए दर्शनशास्त्र व योगा में सर्वोच्च अंक 80.06% रहा।

- रविवि ने स्नातकोत्तर स्तर पर शेष कक्षाओं की प्रावीण्य सूची जारी की

### इन पाठ्यक्रमों में नहीं मिले विद्यार्थी

- एमए भाषा विज्ञान में 4 ही छात्र थे। इनमें भी सभी को नियमतः शीर्ष-10 में जगह देनी पड़ी। विवि अध्ययनशाला में ये अध्ययनरत थे।
- प्राचीन भारतीय इतिहास का अध्यापन भी विवि अध्ययनशाला में ही होता है। 7 छात्र इसकी परीक्षा उत्तीर्ण कर सके और टॉप-10 में जगह बनाई।
- एमएससी होम साइंस ह्यूमन डेव्लपमेंट में सिर्फ 7 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। सभी को टॉप-10 में जगह मिल गई। सभी छात्र शासकीय महाविद्यालय धमतरी के हैं।
- एमए रूरल डेव्लपमेंट में सिर्फ 5 छात्रों के प्रवेश हुए थे। सभी टॉप-10 में शामिल रहे। ये विद्यार्थी रविवि अध्ययनशाला के हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गस्तीटोला निवासी नोहन सिंह पौशार्य ने किया अग्निस्नान

**बालोद।** ग्राम गस्तीटोला निवासी नोहन सिंह पौशार्य 24 वर्ष ने स्वयं को घर के कमरे को बंद कर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा ली। घटना 30 दिसंबर की रात की बताई जा रही है, जब ग्राम गस्तीटोला निवासी नोहन सिंह पौशार्य 24 वर्ष परिवार के साथ खाना खाकर सोने के लिए अपने कमरे में गया। उसके बाद रात करीब 11 बजे कमरे को अंदर से बंद कर स्वयं पर आग लगा ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर युवक को बाहर निकाला और अस्पताल ले गए। उसके बाद से युवक का ईलाज रायपुर के अस्पताल में करवाया जा रहा है। युवक द्वारा ऐसा कदम क्यों उठाया गया यह अभी जांच का विषय है।

### ओपन स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए 15 तक जमा कर सकते हैं आवेदन

**अर्जुन्दा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय अर्जुन्दा के छ.ग राज्य ओपन स्कूल प्रवेश परीक्षा सन 2024–25 के लिए फार्म जमा करना 2 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। एके निर्मलकर, योगेश साहू, किशन कुंभकार ने बताया अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित की गई है व लेट फीस के साथ 20 जनवरी निर्धारित की गई है।

### चाइनीज मांझाः पांच साल जेल व एक लाख जुर्माना

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्र में गठित दल द्वारा लगातार चाइनीज मांझा खरीदी एवं ब्रिकी करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। दुकानदार अपने थोड़े से लाभ कमाने के लिए खतरनाक चाइनीज मांझा का चोरी-छिपे विक्रय कर रहे है। चाइनीज मांझा के उपयोग से स्वयं, राहगीर, पक्षी आदि दुर्घटना के शिकार हो जाते है। कभी भी पतंग के धागे से घटनाएं होने की पूरी संभावना बनी रहती है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि जो भी दुकानदार चाइनीज मांझा का बिक्री करते या कोई नागरिक इसे खरीदते दिखे तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें एवं उनसे अर्थदण्ड की वसूली की जाए। संबंधित के पास से चाइनीज मांझा पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त की जावे। साथ ही उन्हे समझाइस दी जाए की आपके द्वारा शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर 5 साल की जेल के साथ 1 लाख रूपये तक का जुर्माना या फिर दोनों सजा हो सकती है।

### स्मृति नगर में चोरी विधायक पहुंचे घटनास्थल

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा की बड़ी चोरी में लाखों के जेवरात लेकर फरार होने वाले आरोपी को पकड़ने विधायक रिकेश सेन पीड़ित परिवार से मुलाकात किया। इस दौरान एसपी से चर्चा भी किया है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने तत्काल केस क्राइम ब्रांच को सौंपते हुए टीम गठित की है। चोरी की जानकारी मिलते ही विधायक रिकेश सेन कोहका निवासी व्यवसायी अरविंद सिंह के निवास पहुंचे और एसपी से चर्चा कर 48 घंटे में चोर को पकड़ने टीम गठित करने विषय चर्चा की। एसपी ने तत्काल टीम गठित कर जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने विधायक को आश्वस्त किया है। श्री सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा में क्राइम न हो इसका लगातार प्रयास किया जाता रहा है। कई बार वो स्वयं रात को पुलिस गश्त पर निकले हैं। जिस भी आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दे चुनौती दी है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कारोबारी के यहां 90 लाख की चोरी हुई है।

### नौकरी के नाम पर ठगी आरोपी अब भी फरार

**भिलाई।** एयरपोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 3(5, 318 (4), 351 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि फेस 2 लक्ष्मी नगर रिसाली निवासी रसविंदर कौर के पति अमृत पाल सिंह की उनके पड़ोसी डीजी राव से अच्छी दोस्ती थी। राव ने उनके पति की दोस्ती महेन्द्र पाल से कराई थी। महेन्द्र ने उन्हें अपने दोस्त संतोष करण से मुलाकात कराया जो नौकरी लगवाने का काम करता है।

---

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता अविनाश ने की घोषणा

# प्रावीण्य सूची में आने पर 10वीं और 12वीं के बच्चों को मिलेगी नकद राशि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता अविनाश कुमार साहू ने अपनी सुपुत्री अनुश्री साहू के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के 650 विद्यार्थियों को पूर्ण न्योता भोज कराया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अपनी संस्था के दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने पर दसवीं के विद्यार्थी को 5100 रुपए एवं बारहवीं के विद्यार्थी को 11000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

■ अपनी बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को दिया न्योता भोज

अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति की सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने भी बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने कहा कि अपने संकाय के आधार पर अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, जिससे आपको भविष्य में सफलता प्राप्त होगी। प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने सभी बच्चों को शुभाशीष दिया। भोज में संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य, व्याख्याता आरएस देशमुख, डीआर साहू, वीके भंडारी, संगीता वैदे, पुष्पा कटेंद्र, प्रधान पाठक कमल कुमार अलेंद्र, व्याख्याता आरएन योगी, डुप्ले साहू, लवण साहू, भूपेंद्र कुमार पटेल, एनुका शार्वा, तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्पा नाईक, भारती साहू, सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, हेमंत साहू, डामन देशमुख, गिरीश साहू, लक्ष्मीचंद सोनवानी, सातो धनकर, वंदना साहू, उत्तम, तिलेश्वरी, ईश्वरी, निधि यादव, प्रेम यादव एवं बच्चे उपस्थित थे।

### नववर्ष के प्रथम दिवस खैरा स्कूल के बच्चों ने किया नेवता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में युगल किशोर साहू ने नेवता भोज का आयोजन किया। इसके तहत बच्चों को भोजन के साथ खीर-पूड़ी व बड़ा का परोसा गया। नेवता भोज में सरपंच राधिका भुआर्य, पंच यामिनी भुआर्य, नसीब साहू, प्रकाश साहू, चैन सिंह निर्मलकर तथा प्रधानपाठक द्वय प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंड्रे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे, खेमंत साहू, हेमेंद्र साहू, टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू उपस्थित थे।

---



## ढाबाडीह व सतमरा पहुंचे संत श्री राम बालक दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

एक दिवसीय मंदिर संकल्प यात्रा के दौरान पाटेश्वर धाम आश्रम के संत श्री राम बालक दास महात्यागी ग्राम ढाबाडीह एवं सतमरा पहुंचे। इस अवसर पर अनेक ग्रामीणों ने पाटेश्वर धाम में बन रहे कौशल्या माता मंदिर निर्माण में योगदान देने के लिए सदस्यता प्राप्त की।

संत श्री राम बालक दास ने कहा कि भाषा, वेशभूषा एवं भोजन तीन विषय को सही रखकर हम अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं। हेलो हाय के स्थान पर जय माता दी, जय सियाराम, राधे–राधे, जय सतनाम, साहिब बंदगी आदि का प्रयोग करें। वेशभूषा में छोटे–छोटे तंग कपड़े ना पहनें। भोजन मानव प्रकृति के अनुरूप सात्विक ग्रहण करें, जिससे आने वाली पीढ़ी हमसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि पाटेश्वर में बन रहे कौशल्या मंदिर में सभी धर्म पंथ के आराध्य व महापुरुषों की मूर्ति लगेगी, जो सामाजिक समरसता का उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक तीर्थ के रूप में ख्याति होने पर अन्य प्रांत के साथ देश दुनिया के लोग छत्तीसगढ़ में भगवान राम की जननी माता कौशल्या का दर्शन करने आएंगे।

कार्यक्रम को मंदिर निर्माण प्रभारी केशव राम साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भोज राम साहू, केजू राम साहू, चुरामन साहू, माधवराव साहू, पुरुषोत्तम लाल, केशव राम, मनहरण सिन्हा, अमर सिंह, महेश सारथी, द्वारिका प्रसाद, महेश लाल सिन्हा, ललित कुमार, रोहित यादव, गिरधारी साहू, कीर्तन दास वैष्णव, कृष्ण कुमार, हिलेश कुमार, गुलजारी साहू उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट 5 को

**देवरी बंगला।** संकल्प जन सेवा समिति देवरी के तत्वावधान में 5 जनवरी को सुबह 10 से 12बजे तक जैन भवन देवरी में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मॉक टेस्ट में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 3 जनवरी है।

---

### नगर में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा, पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा...



**गुरूर।** नगर में नए वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आयोजन समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में संजारी–बालोद विधायक संगीता सिन्हा भी शामिल हुईं। शोभायात्रा के दौरान विधायक संगीता सिन्हा भगवान कृष्ण की प्रतिमा को हाथ में लेकर भगवान के जयकारे के साथ आगे बढ़ रही थीं। वहीं, महिलाओं के साथ छोटी बच्चियां भी पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर भक्तिगीतों के साथ भगवान के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं।

## आसपास जहां भी भागवत कथा हो रही हो, अवश्य सुनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जय अम्बे महिला मानस मंडली संजय नगर बालोद द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के तहत कथावाचिका देवी गीतांजलि शर्मा ने सृष्टि वर्णन, कपिल देवहुति व्याख्यान, सती चरित्र व शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। 6 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम में देवी गीतांजलि शर्मा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रही हैं। कथा के दौरान देवी गीतांजली ने कहा कि अगर आस पास भागवत कथा हो रही है, तो अवश्य सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे आमंत्रण मिला हो या नहीं, इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां धर्म का कार्य हो, वहां आमंत्रण नहीं देखना चाहिए, बल्कि उसमें स्वयं से आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए।

देवी गीतांजली ने शाम को शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। इस दौरान साज सज्जा से मां पार्वती व भगवान भोले नाथ की वेशभूषा में झांकी निकाली गई। इसमें छोटे बच्चे भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती के विवाह के अवसर पर भूत प्रेत का वेश धारण कर कथा में बाराती बनकर नाचते गाते दिखे।

#### श्रीकृष्ण बाल लीला आज

आज 3 जनवरी को बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, होली महोत्सव मनाया जाएगा। 4 जनवरी को महारास लीला, मथुरा गमन, कंशवंध, उद्धव प्रसंग, रूक्मिणी विवाह कथा होगी। 5 जनवरी को श्रीकृष्ण भगवान द्वारा 16108 विवाह कर उनका उद्धार वर्णन, वाणासुर संग्राम, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष कथा होगी। 6 जनवरी को गीता ज्ञान, तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ, कपिलातर्पण महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

---

## विधायक संगीता ने बुजुर्गों के साथ बिताया नए साल का पहला दिन



**बालोद।** संजारी बालोद के विधायक संगीता सिंह ने बालोद स्थित सुख आश्रय वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ नया साल मनाया।

इस दौरान विधायक के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम में आकर्षक सजावट की गई। विधायक ने वृद्धजनों के साथ केक काटा एवं उनके साथ विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित हुईं। उसके बाद सभी को शॉल व फल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि हर व्यक्ति नया साल अपने घर परिवार दोस्तों के साथ मनाता है, लेकिन जिसके घर परिवार दोस्त नहीं हैं, उन्हें इस वर्ष से वैसी ही खुशी देने के लिए हम सब ने यह निर्णय लिया कि नव वर्ष पर बुजुर्गों के साथ मनाया जाएगा। वहीं, इस दौरान बुजुर्गों में भी खुशी और उत्साह देखने को मिला और विधायक को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रेश हीरवानी, शहर अध्यक्ष अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जिला सभापति धनेश्वरी सिन्हा, पार्षद पदमनी नन्नू साहू, चमेली साहू, धनेश्वरी ठाकुर, दिप्पी शर्मा, चिदाकास आर्य, अंचल प्रकाश साहू, रोहित सागर उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन योजना से दूर हुई देवसरा के ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम देवसरा गांव के ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना के तहत समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना ग्रामवासियों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

देवसरा के ग्रामीणों को दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी, किंतु अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम देवसरा के सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी आ रहा है। बता दें कि देवसरा की कुल आबादी 868 है। इस योजना के क्रियान्वयन के पूर्व ग्रामीण पेयजल के लिए कुआं, तालाब एवं हैण्डपंप पर आश्रित रहते थे। ग्रामीण महिलाएं सुबह से ही हैण्डपंप के पास पहुँचकर पानी भरने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती थीं। वहीं, लंबी प्रतीक्षा के बाद भी उन्हें मुश्किल से पानी मिल पाता था। लेकिन, अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत देवसरा के घरों में नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ग्राम देवसरा निवासी रश्मि बाई ने बताया कि गांव में पानी टंकी का निर्माण कर प्रत्येक घर में शुद्ध पानी दिया जा रहा है। वहीं, फूल बाई ने कहा कि घर में नल लग जाने से हमें पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। इससे हमारे समय और परिश्रम की भी बचत हो रही है।



## ग्राम चिरचारी में मनाया गया शक्ति दिवस

**गुरूर।** ग्राम चिरचारी में शक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा थे। अध्यक्षता नरेंद्र साहू ने की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अर्जुनी यशवंतपुरी गोस्वामी, स्कूल विकास समिति चिरचारी तेज प्रताप नारायण, ग्राम समिति योगेश्वर प्रसाद साहू, समिति के अध्यक्ष श्रवन कुमार भुआर्य, सचिव वासुदेव भूआर्य, कोषाध्यक्ष गिरवर बरसेल, उपाध्यक्ष चंद्रिका सिहारे उपस्थित थे।

---

### नवागांव बी में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

## बाबा गुरु घासीदास ने सत्य मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर






ग्राम नवागांव बी में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जामगांव आर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू थे, अध्यक्षता जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने की।

विशेष अतिथि समाजसेवी रूपेंद्र साहू, सरपंच नवागांव चंद्रभान साहू, उपसरपंच नवागांव युवराज साहू, कार्तिकराम टंडन, नीलकंठ यादव, उधोराम साहू, डोमनलाल टंडन, तुलसीराम साहू, डोमारसिंह साहू, बूथ अध्यक्ष भाजपा नवागांव अभिषेक सेन, संजू साहू लोकगायक मंच पर आसीन थे। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ माटी में जन्मे संत बाबा गुरु घासीदास ने मानव को मानवता की राह दिखाते हुए सत्य मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने सभी मानव को एक समान बताया।

अध्यक्षता कर रहे हैं भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बाबा गुरु घासीदास को सतनामी समाज का प्रवर्तक बताते हुए कहा कि मनखे मनखे एक समान का संदेश संत श्री ने दिया। अभिषेक सेन ने रात्रिकालीन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुंह मीठा कराया। रात्रि में छन्नू मन्नू नाच पार्टी निपानी बालोद ने आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं, पंथी नित्य ग्राम पांगरी के सतनामी समाज के युवाओं ने आकर्षक प्रभात फेरी निकाली। आभार सतनामी समाज के अध्यक्ष धनराज सिंह जांगड़े व्यक्त किया।

समाज के पदाधिकारी धनराजसिंह जांगड़े, रामसिंह देशलहरे, चंदूलाल टंडन, तेजराम जांगड़े, कमल महलवार, परमानंद सोनवानी, डोमनलाल टंडन, विरोध जटवार, भानु महलवार, दूज महलवार, मुंशी देशलहरे, नारायण देशलहरे, तुशांत टंडन, तारेंद्र टंडन, परमानंद टंडन, पारसमणी महलवार, चंदन महलावार, डेमन, लोकेश जागंडे, सहित समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी नवागांव उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

रामेश्वरम् धाम यात्रा

21 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411